राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 269 | जौनपुर | सोमवार, 19 मई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## डीएम की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिको की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिको की मांग पर ईसीएचएस के अंतर्गत महत्वपूर्ण अस्पतालों को इम्पैनेल्ड कराने के निर्देश दिये, जिससे भूतपूर्व सैनिको का जनपद में ही अच्छे से इलाज किया जाना सम्भव हो सके। भूतपूर्व सैनिकों ने नगर मजिस्ट्रेट को नये शस्त्र लाइसेंस निर्गत करने, नवीनीकरण करने आदि के सन्दर्भ में ज्ञापन भी दिया। इसके साथ ही जनपद में कैन्टीन सुविधा पुनः शुरू कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले0कर्नल अहलावत को निर्देश दिया ।

## हर गांव में एक ग्राम वन की स्थापना पर सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाना है। हमारा लक्ष्य तभी पूरा होगा जब पौधरोपण जनांदोलन का स्वरूप ले। सीएम ने निर्देश दिए कि आगामी 1 से 7 जुलाई के बीच पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी के साथ संचालित किया जाए। 2025 में कुल 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय मंत्रियों को न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पौधरोपण अभियान में फलदार,



छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के सभी लाभार्थियों और जीरो पॉवर्टी की श्रेणी में चिह्नित प्रत्येक परिवार को सहजन का पौधा दिया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदी पुनरुद्धार अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही सभी निर्माणाधीन, प्रस्तावित और चालू एक्सप्रेसवे के दोनों ओर की खाली भूमि पर पौधरोपण कराया जाएगा। उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गंभीर बताते हुए उनके चौनलाइजेशन की संभावनाओं पर विचार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में जैव विविधता रजिस्टर तैयार कराया जाए। ग्रीन चौपाल का आयोजन करके पर्यावरण–अनुकूल जीवनशैली को अपनाने, कृषि वानिकी व टिकाऊ कृषि मॉडल को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान को पुनर्स्थापित करने के प्रयास हों। प्रत्येक गांव में कम से कम एक ग्राम–वन की स्थापना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। निर्देश दिया कि बहराइच, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और बिजनौर जैसे जिलों में सोलर फेंसिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए। सीएम ने कहा कि वन सेवा के सभी संवर्गों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। यदि कहीं नीतिगत अड़चन हो, तो तत्काल मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए।

कुकरैल नाइट सफारी के लिए ठेकेदार का चयन अगले सप्ताह

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में निर्माणाधीन कुकरैल नाइट सफारी के लिए ठेकेदार चयन की प्रक्रिया अगले एक सप्ताह में पूरी कर ली जाए। उन्होंने वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि इसका भवन इसकी मूल थीम के अनुरूप हो और यह संस्थान विभागीय प्रशिक्षण, शोध व नवाचार का केंद्र बने।

## स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे

देहरादून, (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे हैं। देहरादून एयरपोर्ट पर सीएम धामी और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वह सीमांत जिले पिथौरागढ़ के वाइब्रेंट विलेज का दौरा करने उत्तराखंड पहुंचे हैं। वह जौलीग्रांट स्थित देहरादून हवाई अड्डे पर सबसे पहले वाइब्रेंट विलेज के तहत प्रस्तावित कार्यों का प्रस्तुतिकरण देखेंगे। वाइब्रेंट विलेज गुंजी में उनका रात्रि प्रवास होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने नड्डा के दौरे का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि जेपी नड्डा पिथौरागढ़ के गुंजी गांव जाएंगे। जहां



वह गुंजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेंगे। साथ ही ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश के दर्शन और महिला फेडरेशन द्वारा गुंजी में संचालित होम स्टे का भ्रमण करेंगे। वाइब्रेंट विलेज गुंजी में ही रात्रि प्रवास करने के बाद दूसरे दिन वे वाया देहरादून दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। भट्ट ने कहा कि उनका गुंजी और आदि कैलाश का यह दौरा सीमांत क्षेत्रों के विकास को नई गति देने का काम करेगा। उनका विकास योजनाओं की समीक्षा करना इन प्रोजेक्टों की गति को तीव्र और प्रभावी बनाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रपति मुर्मू ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को जन्मदिन की बधाई दीं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रविवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। धनखड़ का जन्म 18 मई, 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले के किठाना गांव में हुआ था। उन्होंने 11 अगस्त, 2022 को देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। मैं कामना करती हूं कि वे अनेक वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करते रहें।

## आईआईटी मुंबई ने तुर्किये के संस्थानों के साथ समझौते निलंबित किए

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई ने तुर्किये के विश्वविद्यालयों के साथ सभी समझौतों को निलंबित कर दिया है। भारत एवं पाकिस्तान के मध्य बढ़े तनाव के बीच तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। संस्थान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'पोस्ट' किया, ''तुर्किये को लेकर मौजूदा भू–राजनीतिक स्थिति को देखते हुए आईआईटी मुंबई तुर्किये के विश्वविद्यालयों के साथ अपने समझौतों को अगला नोटिस जारी किए जाने तक निलंबित करने की प्रक्रिया में है।'' आईआईटी मुंबई और कुछ तुर्किये संस्थानों के बीच संकाय विनिमय कार्यक्रम (फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम) को लेकर समझौता था। यह घटनाक्रम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को दिए गए समर्थन के मद्देनजर सामने आया है। इससे पहले, आईआईटी रुड़की ने तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ किया गया एक समझौता औपचारिक रूप से रद्द कर दिया था। आईआईटी रूड़की ने 'एक्स' पर लिखा था, ''संस्थान वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो इसकी शैक्षणिक प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करता है और राष्ट्रीय हित को बनाए रखता है।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को दी बड़ी जिम्मेदारी

लखनऊ, (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की ओर से रविवार को नेशनल बैठक आयोजित की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया। उन्हें आगे के कई कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी दी। साथ ही सावधानी बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की सलाह दी। बैठक में देश में बसपा के संगठन की मजबूती व सर्वसमाज के बीच जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। पार्टी के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा श्ऑपरेशन सिंदूरश की कार्रवाई के लिए सभी ने भारतीय सेना की सराहना की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में आतंकी निरोधक उपाय जरूरी हैं। ताकि किसी का सुहाग उजड़ने से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान की परमाणु धमकी नहीं सहने की चेतावनी देना एक सही कदम है। यह भी जरूरी है कि कश्मीर पर अमेरिका या तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं किया जाए। अपने आप पर भरोसा होना बेहतर होता है। सरकार इसका भी ध्यान रखे कि गौतम बुद्ध व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनादर करके समाज में द्वेष न फैलाया जाए। इस पर राज्य सरकारें पूरी तरह रोक लगाएं। मायावती ने बहुजन वालंटियर फोर्स (बीवीएफ) को पहले की तरह संगठित करने पर बल दिया। ताकि देशभर में पार्टी के कार्यक्रम किए जा सकें। बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती ने सर्वसम्मति से भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी। उन्हें पार्टी के आगे के कार्यक्रमों की भी जिम्मेदारी दी। साथ ही यह भी कहा कि इस बार पार्टी व मूवमेंट के हित में हर प्रकार की सावधानी बरतते हुए।



## प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के लिए केंद्र ने उठाये जरूरी कदम - अमित शाह

अहमदाबाद, (एजेंसी)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित श्सहकारी महासम्मेलनश कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी। ज्तमदकपदह टपकमवे केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है, इसके तहत दो लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न



प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों।

उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा, जब तक बदलाव का लाभ पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता। शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां श्विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिकाश पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास हुआ। इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार ने 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को पैक्स से जोड़ने का काम किया गया है। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आइसक्रीम, चीज, पनीर बनाने, दूध को ठंडा रखने और वसा मापने जैसे उपकरणों के निर्माण के लिए सहकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जगदीप धनखड़ को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उनके 74वें जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने राज्यसभा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। धनखड़ का जन्म 18 मई, 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले के किठाना गांव में हुआ था। उन्होंने 11



अगस्त, 2022 को भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वह रविवार को 74 वर्ष के हो गए। उपराष्ट्रपति होने के नाते वह राज्यसभा के सभापति भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी को जन्मदिन की बधाई। उन्हें हमारे संविधान की गहरी समझ है, जो एक अग्रणी वकील के रूप में उनके वर्षों के अनुभव से स्पष्ट झलकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने राज्यसभा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी रुचि भी अत्यंत प्रशंसनीय है। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें।

## पाकिस्तान में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सशस्त्र बलों की पहुंच से बाहर हो : मनोज सिन्हा

जम्मू–कश्मीर, (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सशस्त्र बलों की पहुंच से बाहर हो। सिन्हा ने यह टिप्पणी उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा, "पूरी दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी देखी है और फिर दुश्मन ने संघर्षविराम के लिए पूरी दुनिया से गुहार लगानी शुरू कर दी। पाकिस्तान में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सेना की पहुंच से बाहर हो।'' उपराज्यपाल ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला और यह भी कहा कि दुश्मन कर्ज के दम पर मानवता को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा पड़ोसी कर्ज के दम पर मानवता को नष्ट करने पर तुला हुआ है। मुझे लगता है कि हमारे वीर सैनिकों द्वारा दिए गए जवाब से उन्हें



सबक मिला होगा। मैं आपकी वीरता, पराक्रम और मां भारती के प्रति आपकी भक्ति को नमन करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि जब भी ऐसा संकट आए, तो लोगों को पता चले कि हमारा देश आप जैसे वीरों के सुरक्षित हाथों में है।'' सिन्हा ने सेना और पुलिस कर्मियों के साथ जमीनी स्तर पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देश सतर्कता, समर्पण, बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के साथ जीवन की रक्षा करने और हमारी सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बलों का आभारी है। सिन्हा ने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे जवान दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का डटकर सामना करेंगे।'' बाद में सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सेना और पुलिस अधिकारियों के साथ जमीनी स्तर पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। तंगधार में हमारे बहादुर जवानों से बातचीत की। वे देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ डटे हुए हैं।

## विपक्ष के खिलाफ पीएमएलए का दुरूपयोग किया जा रहा : शरद पवार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) में एक कड़े प्रावधान को लाए जाने को लेकर आगाह किया था और उनकी आशंका के अनुरूप सरकार बदलने पर अब इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत द्वारा लिखी मराठी किताब 'नरकतला स्वर्ग' (नरक के अंदर स्वर्ग) के विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि जब भी केंद्र में सरकार बदलेगी, तो कानून में संशोधन किया जाएगा। यह किताब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद राउत के जेल में बिताए अनुभवों के बारे में है। पवार ने कहा कि जब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने संप्रग सरकार के दौरान पीएमएलए में संशोधन का प्रस्ताव रखा था जिसमें गिरफ्तार व्यक्ति पर ही अपनी बेगुनाही साबित करने का भार डाला गया था, तो उन्होंने कैबिनेट सदस्य के तौर पर इसे लेकर आगाह किया था। वरिष्ठ नेता ने दावा किया, ''जब मैंने इसे (चिदंबरम के प्रस्ताव को) पढ़ा, तो मैंने (तत्कालीन प्रधानमंत्री) मनमोहन सिंह से कहा कि यह बहुत खतरनाक है और हमें इस पर आगे नहीं बढ़ना चाहिए... मैंने इसका कड़ा विरोध किया ।

## राष्ट्रीय मुद्दों पर भी घटिया राजनीतिक खेल खेलती है मोदी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस ने विदेश जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के लिए सरकार द्वारा नाम जारी किए जाने के बाद शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी घटिया राजनीतिक खेल खेलती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ दलों के नेता जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। कांग्रेस ने जिन चार नेताओं के नाम दिए थे उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा को सरकार द्वारा जारी सूची में जगह मिली है। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी है उनमें थरूर का नाम नहीं था। कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार देर रात जारी एक बयान में कहा, 16 मई की सुबह, मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदोंध्नेताओं के नाम मांगे, जिन्हें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत की स्थिति को दुनिया के सामने रखने के लिए विदेश भेजे जा रहे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल किया जाना था। कांग्रेस संसदीय दल की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 16 मई को दोपहर 12 बजे तक चार नाम संसदीय कार्य मंत्री को लिखित रूप में भेज दिया था। उन्होंने कहा कि आज देर रात (17 मई) इन सभी प्रतिनिधिमंडलों की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई है। अत्यंत खेदजनक है कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा सुझाए गए चार नामों में से केवल एक को ही शामिल किया गया है। रमेश ने आरोप लगाया कि यह मोदी सरकार की पूरी तरह से असंवेदनशील और असत्यनिष्ठ राजनीतिक सोच को उजागर करता है, और यह दर्शाता है कि किस तरह वह गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी घटिया राजनीतिक खेल खेलती है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की ओर से शामिल किए गए कांग्रेस के चार सम्मानित सांसदध्नेता निश्चित रूप से प्रतिनिधिमंडल के साथ जाएंगे और अपनी भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री और भाजपा के इस स्तरहीन आचरण तक नहीं गिरेगी। पार्टी इन सभी प्रतिनिधिमंडलों को अपनी शुभकामनाएं देती है। उन्होंने कहा, हालांकि, यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि ये प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस पार्टी की उन प्रमुख मांगों से ध्यान न भटकाएं, जिनमें प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठकें बुलाने की मांग और संसद का विशेष सत्र आयोजित कर 22 फरवरी 1994 को पारित किए गए।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, जबरन वसूली करने का आरोप

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और थौबल जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये उग्रवादी जबरन वसूली और नए कार्यकर्ताओं की भर्ती में शामिल थे और सभी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के लीरोंगथेल पित्रा से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया जो जिले में जबरन वसूली में कथित तौर पर



शामिल था। पुलिस ने कहा कि उसके पास से एक पिस्तौल और गोला–बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित कांगली यावोल कन्ना लूप के एक सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के खाबेइसोई से गिरफ्तार किया गया और उस पर संगठन में नए कार्यकर्ताओं की भर्ती में शामिल होने का आरोप है।

# संपादकीय

## सीवर में दर्दनाक मौतें

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फलतरू सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक–दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग–अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है। दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो–हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए।

# इतनी भी आसान नहीं यमुना की सफाई

योगेश

यमुना की सफाई का मुद्दा बीते विधानसभा चुनाव में इतना उछाला गया था कि वह शिक्षा, सुरक्षा व रोजगार की तरह जनता व सरकार दोनों ने ही गंभीरता से लिया। बताया यह भी जाता है कि यमुना की सफाई का मुद्दा आम आदमी पार्टी की हार का एक मुख्य कारण भी रहा। बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग दो महीने हो चुके और सरकार इस मामले को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बीते सप्ताह यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने ऑपरेशन साहिबी रिवर बोर्ड गठित कर काम भी तुरंत शुरू किया है। अधिकारियों के अनुसार यमुना में जितनी गंदगी है उसकी करीब 50 फीसदी से अधिक नजफगढ़ ड्रेन से आती है। यदि इसे साफ कर दिया जाता है तो यमुना में गंदगी अपने आप कम हो जाएगी। इसलिए नजफगढ़ ड्रेन में जितने भी सब–ड्रेन आकर मिलते हैं उन सभी को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया है। पहले चरण में तिमारपुर से पंजाबी बाग के बीच लगभग 10 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में मिलने वाले 23 ड्रेन को ट्रैप किया जाएगा। जैसा कि सरकार बनते ही बीजेपी इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले रही वैसे ही विपक्ष भी इस पर हर बार अपनी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं हट रहा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। दरअसल, अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। देखा जाए तो इस समय आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के पास तमाम अन्य मुद्दे भी हैं लेकिन यमुना सफाई पर ही राजनीति केन्द्रित है। समझ में यह आता है कि यमुना सफाई का मुद्दा अहम इसलिए भी है कि यमुना से कई तरह की आस्थाएं जुड़ी हैं। जब भी छठ पर्व आता है तो पूर्वांचली यमुना के कई हिस्सों पर पूजा करते हैं। जब ये लोग वहां स्नान करते थे तो पानी नहाने व आचमन के योग्य नहीं होता था। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचली हमेशा इसका विरोध करते रहे लेकिन यदि अब भी स्थिति वैसी रही तो बीजेपी के लिए भी एक नकारात्मक संदेश जा सकता है।



उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने पहले से छठ की पूजा के लिए अलग से घाट बनाए थे लेकिन वहां के लोगों का कहना था कि पानी स्वच्छ नहीं था और लोगों में बहुत नाराजगी भी थी लेकिन फिर भी लोगों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी के चोटी के नेताओं पर भरोसा किया और यमुना सफाई के आधार पर वोट दिया। बीजेपी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें 250 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लान और 250 करोड़ रुपये वाटर ट्रीटमेंट प्लान पर खर्च करने की बात कही है। यदि वाकई ईमानदारी से इतना बड़ा बजट लग जाए तो निश्चित तौर पर यमुना को लेकर दिल्ली की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन यह बात भी तय है कि इसमें समय लगेगा। इसके अलावा दिल्ली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि यमुना खादर में अवैध तरीके से रहे लोगों को हटाकर कहां स्थापित किया जाए? ज्ञात हो कि बीते वर्ष जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तो हजारों लोग खादर से निकल कर सड़कों पर आ गए थे और कई जानवर भी मर गए थे जिसको देखकर आम आदमी पार्टी सरकार के हाथ–पांव फूल गए थे। उन सभी लोगों ने कुछ दिन के लिए अपना आशियाना पुल के नीचे हिस्सों पर व सड़कों पर टेंट लगाकर बना लिया था। लेकिन आश्चर्य यह हुआ कि शासन–प्रशासन के अनुसार वहां जितने लोग रह रहे थे, उससे कई अधिक निकले। मानो जैसे पूरी एक कॉलोनी बसा ली हो जिसको लेकर विभाग ने माना कि यह भी यमुना में गंदगी का एक बड़ा कारण है। लेकिन सच्चाई यह है कि जहां यमुना बहती है वहां के आसपास अभी भी हजारों लोग बसे हुए हैं, जिससे हमेशा उनकी जान को खतरा बना रहता है साथ ही गंदगी भी रहती है। इसके अलावा दिल्ली के तमाम इंडस्ट्रियल इलाके ऐसे हैं।

# विकल्प और भी हैं तुर्किये को सबक सिखाने के

पुष्परंजन

तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन अपनी प्रशंसा से गदग्गद हैं। पाकिस्तान में तुर्किये के राजदूत इरफान नेजीरोग्लू के साथ मुलाकात के दौरान शहबाज शरीफ ने कहा, 'राष्ट्रपति एर्दोआन ने एक बार फिर पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान–तुर्किये भाईचारे के इतिहास में एक नया और गौरवशाली अध्याय जोड़ा है।' लेकिन, तुर्किये की इस करतूत के खिलाफ भारत में लगातार गुस्से का इजहार किया जा रहा है। यह विडम्बना ही है, भारत के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाने वाला तुर्किये, इन दिनों रूस–यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी कर रहा है। लेकिन क्या तुर्किये का इलाज उसकी चंद कंपनियों को भारत में काम करने से रोकने, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता रद्द कर देने भर से सम्भव है? प्रश्न यह भी है, कि क्या जेएनयू को ऐसा कोई निर्देश मानव संसाधन मंत्रालय से गया था, कि इनोनु से 2028 तक हुआ 'एमओयू' तोड़ दो? जेएनयू का चीनी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न शैक्षणिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों के लिए एमओयू हो चुका है। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, शिक्षक–छात्र आदान–प्रदान कार्यक्रम, और पाठ्यक्रम विकास शामिल हैं। जेएनयू के 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क' ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के साथ 35 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। संयुक्त शोध परियोजनाओं पर पेइचिंग विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भी की है। तुर्किये समेत इन सभी देशों से भारत के कूटनीतिक सम्बन्ध सामान्य चल रहे हैं। फिर, तुर्किये के विश्वविद्यालय 'इनोनु' के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता स्वतःस्फूर्त तरीके से रद्द कर देना, कई सवाल खड़े कर देता है। तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ ऐसा कर सकते हैं, तो चीनी विश्वविद्यालयों के साथ क्यों बगलगीर हैं? भारत–पाक युद्ध में चीनी मिसाइलें छूट रही थीं। चीनी रक्षा प्रणाली नहीं होतीं, तो पाकिस्तान की मिट्टी–पलीद हो जाती। लेकिन चीन के विरुद्ध चूं नहीं बोला जा रहा है। राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन का दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। छद्म राष्ट्रवाद के बहाने तुर्किये की जो दुर्दशा एर्दोआन कर रहे हैं, उसकी हालिया मिसाल एक रिपोर्ट है, जिसमें जानकारी दी गई, कि तुर्किये के दस में केवल चार युवाओं को ही रोजगार मिल सका है। एर्दोआन, ट्रंप के गुडबुक में आने के वास्ते दिलोजान से लगे हुए हैं। अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने 7 मई, 2025 को राष्ट्रपति ट्रम्प को लिखे एक पत्र में तुर्किये को एफ–35 जेट की किसी बिक्री का विरोध किया है। पत्र में चेतावनी दी गई, कि तुर्किये द्वारा एस–400 सिस्टम को बनाए रखना, उसे नाटो और अमेरिकी तकनीक के साथ असंगत बनाता है। सांसदों ने उल्लेख किया, कि 2019 में 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत तुर्किये को एफ–35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर प्रोग्राम से हटा दिया गया था। उन्होंने चेतावनी दी, कि तुर्किये को फिर से शामिल करना, उस कानून का उल्लंघन होगा, जो एस–400 के चालू रहने के दौरान एफ–35 के पुर्जों, या सहायता के हस्तांतरण पर रोक लगाता है। ट्रंप–एर्दोआन दोस्ती से अलहदा, भारत–तुर्किये दोस्ती पर हम वापस लौटते हैं। इस समय सरकारी से अधिक प्राइवेट प्रतिबंधों का दौर शुरू है। ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी, ईजी ट्रिप प्लानर्स और कॉक्स एंड किंग्स सहित प्रमुख भारतीय ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने तुर्किये और अजरबैजान के लिए प्रचार और सेवाएं भी स्थगित कर दी हैं। कॉक्स एंड किंग्स के एक कार्यकारी करण अग्रवाल ने कहा, कि कंपनी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, और स्थिति में सुधार होने पर परिचालन फिर से शुरू करने पर विचार करेगी। भारत के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, 2024 में लगभग पांच लाख भारतीयों ने तुर्किये का दौरा किया था, जो 2019 के आंकड़ों से दोगुना है। पिछले साल भी अजरबैजान में 80,000 से ज़्यादा भारतीय पर्यटक आए थे। निश्चित रूप से इसका असर इन देशों के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ेगा। भारत ने वित्त वर्ष 2024 में तुर्किये को 3,885 वस्तुओं का निर्यात किया, जो कुल जमा 6.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। इसी अवधि में भारत ने तुर्किये से 2,482 वस्तुओं का आयात किया, जिसकी कीमत 3.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, यानी इस आयात–निर्यात में फायदा भारत को ही हो रहा था। डबल से थोड़ा कम। सेन्ट्रल बैंक ऑफ तुर्किये के अनुसार, 'भारतीय कंपनियों ने तुर्किये में लगभग 126 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इधर भारत में तुर्किये का निवेश लगभग 210.47 मिलियन डॉलर है। अंकारा स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 'तुर्किये में पंजीकृत प्रमुख भारतीय कंपनियों में ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, महिंद्रा, सोनालीका, टाटा मोटर्स, जिंदल, इंडो–रामा, बिड़ला सेल्यूलोज, पॉलीप्लेक्स, जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेरिल लिंच, पुंज लॉयड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, थर्मेक्स, विप्रो, डाबर, जैन इरिगेशन जैसी 150 भारतीय कम्पनियां हैं।' लाखों लोगों का रोजगार इससे चल रहा है। तो क्या सारी कंपनियों पर ताला लगा देना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी बार–बार यह वाक्य अपने भाषणों में इस्तेमाल कर रहे हैं, 'ट्रेड और टेरर साथ–साथ नहीं चल सकता।' मुझे लगता है, इसमें थोड़ा संशोधन की जरूरत है। अगर सचमुच इस थ्योरी पर पूरी दुनिया चलना शुरू करे, तो 193 में एक–चौथाई देश ही कारोबार के लिए रह जायेंगे। पूरी दुनिया में क्रॉस बॉर्डर टेररिजम के साथ–साथ कारोबार भी चल रहा है।

# ........... विविध ...........

## सटल मेकअप का सबसे आसान तरीका, इस ट्रिक से 5 मिनट में कंप्लीट करें लुक



मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। यह न सिर्फ चेहरे को निखारता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि किसी अर्जेंट काम से बाहर जाना पड़ता है और मेकअप करने का समय नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में अधिकतर लड़कियां बिना मेकअप के बाहर जाने में हिचकिचाती हैं और असहज महसूस करती हैं। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ आसान और तेज मेकअप टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप केवल 5 मिनट में अपना मेकअप पूरा कर सकती हैं वो भी बिना किसी जल्दबाजी के।

सबसे पहले करें चेहरा साफ

जल्दी में मेकअप करने से पहले सबसे जरूरी है कि आपका चेहरा साफ हो। इसके लिए आप ताजे पानी से चेहरा धो लें या फिर फेस वाइप्स का इस्तेमाल करें। इससे चेहरा फ्रेश लगेगा और मेकअप अच्छे से टिकेगा। चेहरा धोने के बाद हल्का मॉइश्चराइजर या टोनर जरूर लगाएं। यह आपकी स्किन को हाइड्रेट रखेगा और मेकअप की बेस बनाने में मदद करेगा।

लगाएं प्राइमर और फाउंडेशन

मॉइश्चराइजर के बाद एक पतली परत में प्राइमर लगाएं। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। अब अपने चेहरे पर हल्के–हल्के फाउंडेशन के डॉट्स लगाएं और फिर ब्यूटी ब्लेंडर या उंगलियों की मदद से अच्छे से ब्लेंड कर लें। ध्यान रखें कि फाउंडेशन आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो, नहीं तो चेहरा असमान और भद्दा दिख सकता है।

संवारें अपनी आंखें

जब बेस तैयार हो जाए, तब अपनी आइब्रो को थोड़ा सेट कर लें। आप आइब्रो पेंसिल या ब्रश की मदद से हल्का–सा उन्हें शेप दे सकती हैं। इसके बाद आंखों को हाईलाइट करने के लिए आईलाइनर लगाएं। अगर समय कम है तो केवल मस्कारा लगाना भी काफी रहेगा। मस्कारा लगाने से आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखती हैं। अगर समय हो तो हल्का काजल भी लगा सकती हैं।

होठों पर लगाएं परफेक्ट लिपस्टिक

अब अपने होंठों को थोड़ा हाइलाइट करें। सबसे पहले लिप लाइनर से होंठों की शेप बनाएं ताकि लिपस्टिक फैलने न पाए। फिर अपने आउटफिट से मेल खाती हुई लिपस्टिक लगाएं। अगर समय बहुत कम है तो सिर्फ टिंटेड लिप बाम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे होंठों को रंग और नमी दोनों मिलेगी।

सेट करें मेकअप और दें फाइनल टच

अब अपने मेकअप को लंबे समय तक टिकाने के लिए कंपैक्ट पाउडर या लूज पाउडर से सेट कर लें। इससे चेहरा ज्यादा ऑयली नहीं लगेगा और मेकअप देर तक टिका रहेगा। अंत में अपने गालों पर हल्का ब्लश लगाएं ताकि चेहरा फ्रेश और गुलाबी नजर आए।

अगर आपको अचानक कहीं जाना पड़े या ऑफिस के लिए लेट हो रही हों तो ये मेकअप आप वॉशरूम में या कार में भी आराम से कर सकती हैं। सिर्फ 5 मिनट में यह मेकअप करने से आप जल्दी में भी खूबसूरत और तैयार दिखेंगी। यह आसान टिप्स हर लड़की के लिए बेहद काम के हैं।

## पैरेंटिंग टिप्स रिजल्ट से नहीं, बच्चों के मानसिक शांति से मिलती है असली सफलता

बच्चों का रिजल्ट उनकी सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जब बच्चों का रिजल्ट आता है, तो घरों में तनाव और दबाव बढ़ जाता है, जिससे बच्चे ठीक से सो नहीं पाते और मानसिक चिंता का सामना करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ एक एग्जाम का रिजल्ट पूरे जीवन को तय कर सकता है? बच्चों और उनके माता–पिता को इस तनाव से निपटने के लिए कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए।

सही डाइट से मिलेगा मानसिक शांति

हमारे शरीर का दिमाग और पेट एक–दूसरे से जुड़े होते हैं। जब पेट में कोई गड़बड़ी होती है, तो मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इसका समाधान सही आहार से हो सकता है। बच्चों को फल, साबुत अनाज, छाछ और अलसी के बीज जैसे पोषक तत्व देने से उनका शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे।

सोच बदलें और ग्रोथ माइंडसेट अपनाएं

मार्क्स को जीवन की असली सफलता का पैमाना मानना गलत है। असली पहचान उनके गुणों से बनती है। बच्चों को यह समझाएं कि मेहनत और सीखने से हर कोई बेहतर बन सकता है, इससे उनका मानसिक संतुलन बेहतर होगा और वे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे।

बच्चों से करें संवाद

बच्चे अक्सर परिवार के व्यवहार की नकल करते हैं। अगर आप शांत और सकारात्मक रहेंगे, तो बच्चे भी ऐसा ही महसूस करेंगे। बच्चों से 'रैंक क्या आई?' की बजाय 'तुम्हें अपने प्रयास पर कैसा लग रहा है?' जैसे सवाल पूछें। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपनी मेहनत पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

बच्चों की मेहनत की सराहना करें

बच्चों के रिजल्ट की बजाय उनकी मेहनत और प्रयासों को सराहें। इससे उन्हें यह महसूस होगा कि उनकी पहचान सिर्फ अंक और परिणामों से नहीं, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और अच्छे गुणों से बनती है। इन उपायों से आप न सिर्फ बच्चों का मानसिक संतुलन बनाए रख सकते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और विकास में भी मदद कर सकते हैं।



## जिन लोगों का बीपी रहता है लो वो जरूर खाएं ये 5 चीजें

आज के समय में खराब खानपान, तनाव और बैठकर काम करने की आदतों ने कई लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्याओं से जूझने पर मजबूर कर दिया है। जहां हाई ब्लड प्रेशर को ज्यादा गंभीर माना जाता है, वहीं लो ब्लड प्रेशर भी उतना ही खतरनाक हो सकता है। इसमें व्यक्ति को अचानक चक्कर आना, कमजोरी लगना, आंखों के सामने अंधेरा छा जाना या बेहोशी तक हो सकती है। सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 उउभ्ह होना चाहिए। जब यह 90/60 उउभ्ह से नीचे चला जाता है, तो उसे लो बीपी की स्थिति कहा जाता है। इस स्थिति में समय पर सही खानपान और सावधानी बरतना बेहद जरूरी हो जाता है।

कॉफी या चाय– तुरंत राहत का आसान तरीका

जब ब्लड प्रेशर अचानक गिर जाए, तो कॉफी पीना सबसे आसान और असरदार उपाय हो सकता है। कॉफी में मौजूद कैफीन ब्लड सर्कुलेशन को तेज करता है, जिससे ब्लड प्रेशर तुरंत थोड़ा बढ़ जाता है। अगर कॉफी न मिले तो चाय भी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। विशेष रूप से ब्लैक कॉफी लो बीपी में ज़्यादा प्रभावी मानी जाती है।

अंडा– पोषण से भरपूर सुपरफूड

अंडा एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद प्रोटीन, आयरन और विटामिन ठ–12 लो बीपी में बहुत लाभकारी माने जाते हैं। ये तत्व रेड ब्लड सेल्स बनाने में मदद करते हैं और शरीर को ताकत देते हैं। लो बीपी की स्थिति में उबला अंडा या ऑमलेट एक हेल्दी हो सकता है।

डार्क चॉकलेट– स्वाद और सेहत का संगम

डार्क चॉकलेट सिर्फ स्वाद में ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। इसमें पाए जाने वाले फ्लेवनॉल्स रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करते हैं और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाते हैं। इससे बीपी बढ़ाने में मदद मिलती है। हालांकि ध्यान रखें कि डार्क चॉकलेट का सेवन सीमित मात्रा में ही करें, ताकि शुगर का स्तर न बढ़े।



नींबू पानी, नारियल पानी और जूसः हाइड्रेशन है जरूरी

कई बार शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन के कारण भी लो बीपी हो जाता है। ऐसे में दिनभर में कम से कम 2 लीटर पानी पीना जरूरी है। आप नींबू पानी, नारियल पानी, फ्रूट जूस या लस्सी का भी सेवन कर सकते हैं। ये ड्रिंक्स शरीर को हाइड्रेट करने के साथ–साथ ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।

पनीररू नमक और प्रोटीन का कॉम्बो

लो बीपी के दौरान डॉक्टर थोड़ा नमक खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे बीपी थोड़ी देर में बढ़ सकता है। ऐसे में आप पनीर पर थोड़ा नमक या चाट मसाला डालकर खा सकते हैं। पनीर में प्रोटीन और फोलेट भरपूर होता है, जिससे शरीर को ताकत मिलती है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है।

कब डॉक्टर से संपर्क करें?

हालांकि ऊपर दिए गए घरेलू उपाय लो बीपी की स्थिति में तुरंत राहत देने में मदद करते हैं, लेकिन अगर आपकी समस्या बार–बार होती है या बहुत गंभीर हो जाए, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। खुद से दवाइयां लेने से बचें और हमेशा मेडिकल सलाह के अनुसार ही इलाज करें।

लो बीपी की समस्या को गंभीरता से लेना जरूरी है। यह न केवल आपके रोजमर्रा के कामों को प्रभावित करता है, बल्कि यदि समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। ऊपर बताए गए 5 फूड्स का सेवन करके आप अचानक आने वाले लो बीपी के लक्षणों को काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। साथ ही, संतुलित आहार और सही दिनचर्या अपनाकर आप इस समस्या से लंबे समय तक बच सकते हैं।

# अयोध्या के सांसद अवधेश ने किया प्रो. रामगोपाल का बचाव, मध्य प्रदेश के मंत्री पर साधा निशाना



लखनऊ, (संवाददाता)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रो. रामगोपाल यादव की ओर से जाति को लेकर अभद्र टिप्पणी के सवाल पर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामगोपाल यादव का बचाव किया। उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह को लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर मंत्रिमंडल से हटाए जाने के साथ पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। प्रो. रामगोपाल यादव का बचाव करते हुए सपा सांसद ने कहा कि वह हमारी पार्टी के वरिष्ठतम नेता हैं और बहुत ही विद्वान व जानकार हैं। उनकी विचारधारा, सोच और मानसिकता इस देश में आपसदारी और भाईचारा की है। जातिवादी सोच उनके अंदर कभी नहीं रही है। इस तरह का आरोप यदि कोई लगाता है तो उसको पहले समझना होगा। प्रो. रामगोपाल यादव का बचाव करते हुए सपा सांसद ने कहा कि उन पर ऐसा कोई आरोप नहीं है और जिसने भी ये आरोप लगाया है, वह उसकी विचारधारा, सोच और मानसिकता के आधार पर है। हिंदुस्तान में यदि सेना का किसी ने सम्मान किया है तो वह स्व. मुलायम सिंह यादव हैं। प्रो. रामगोपाल का बयान जातिवादी बयान नहीं है। कोई भ्रामक बयान नहीं है। देश को तोड़ने वाला बयान नहीं है। देश को तोड़ने वाला बयान मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का है। ऐसे मंत्री के खिलाफ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है लेकिन भाजपा ने अब तक उस मंत्री को मंत्रिपरिषद से नहीं हटाया है। इस मामले में चेतावनी देते हुए अवधेश प्रसाद ने कहा कि 48 घंटे के अंदर भाजपा उस मंत्री को कम से कम छह साल के लिए पार्टी से बाहर करे।

# अब अखिलेश की एंट्री, लिखा–आपमें कभी ऐसा विचलन न था, बदलाव पर आत्ममंथन कीजिए

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के डीएनए को लेकर विवादित पोस्ट की गई। इस पर डीप्टी सीएम भड़क गए। उन्होंने सपा पर जमकर हमला बोला। यही नहीं उन्होंने सपा की सोच पर सवाल खड़ा करते हुए पोस्ट में डिंपल यादव तक का जिक्र कर डाला। सोशल मीडिया पर की गईं इन पोस्ट के बाद सियासी बयानबाजी शुरू हो गई। कई जिलों में भाजपाइयों ने सपा के खिलाफ प्रदर्शन करके पुतला तक फूंका। जारी बयानबाजी के बीच अब अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने ब्रजेश पाठक को आत्ममंथन करने की सलाह दी है। अखिलेश ने लिखा कि आपके विचारों में पहले कभी भी ऐसा विचलन न था। जिससे आप व्यक्तिगत स्तर पर आदर्श को भूल जाएं और अपना शाब्दिक संतुलन खो बैठें। आपको एकांत में बैठकर चिंतन करना चाहिए।

आपके बयान भी किसी तरह उचित नहीं ठहाराए जा सकते

अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि श्हमने उप मुख्यमंत्री की टिप्पणी का संज्ञान लेकर पार्टी स्तर पर उन लोगों को समझाने की बात कही है जो समाजवादियों के डीएनए पर दी गई आपकी श्अति अशोभनीय टिप्पणीश से आहत होकर अपना आपा खो बैठे। हमने उनसे आश्वासन ले लिया है कि आगे से ऐसा न हो। लेकिन, आपसे भी यही



आशा है कि आप जिस तरह की बयानबाजी निंरतर करते आए हैं उस पर भी विराम लगेगा। आप जिस स्तर के बयान देते हैं वो भले आपको अपने व्यक्तिगत स्तर पर उचित लगते हों, लेकिन आपके पद की मर्यादा और शालीनता के पैमाने पर किसी भी तरह उचित नहीं ठहाराए जा सकते है। उन्होंने आगे लिखा कि श्एक स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आपसे ये अपेक्षा है कि आप ये समझते होंगे कि किसी के व्यक्तिगत श्डीएनएश पर भद्दी बात करना दरअसल किसी व्यक्ति नहीं वरन युगों–युगों तक पीछे जाकर उसके मूलवंश और मूल उद्गम पर आरोप लगाना है। ऐसे में आपसे आग्रह है कि राजनीति करते–करते आप अपनी नैतिकता न भूलिए और न ही धर्म जैसी संवेदनशील भावना को जाने–अंजाने में ठेस पहुंचाइए।श इस बात को यहीं खत्म समझा जाए

अखिलेश यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे लिखा कि श्आशा है आप अपनी टिप्पणी के लिए अपने अंदर बैठे हुए उस अच्छे इंसान से क्षमा मांगेंगे, जो पहले ऐसा न था। आप यदि एकांत में बैठकर अपने विगत वर्षों के व्यवहार, विचार और व्यक्तित्व का निष्पक्ष अवलोकन करेंगे तो पाएंगे कि मूल रूप से आपके विचारों में पहले कभी भी ऐसा विचलन न था, न ही आपकी राजनीतिक आकांक्षाएं ऐसी थीं कि आप व्यक्तिगत स्तर पर आदर्श को भूल जाएं और अपना शाब्दिक संतुलन खो बैठें। आशा है इस बात को यहीं खत्म समझा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी पकड़ने गए दस्ते पर जानलेवा हमला, कर्मचारियों को बांधकर पीटा

लखनऊ, (संवाददाता)। ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के गऊघाट उपकेंद्र में आने वाली जाफरिया कॉलोनी में शनिवार को बिजली चोरी पकड़ने गए दस्ते पर मोहल्ले के लोगों ने हमला कर दिया। कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा। इससे जेई सहित कई कर्मियों को काफी चोटें आईं। जो कर्मचारी भाग निकलने में सफल रहे, उन्होंने अफसरों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बंधक बनाए गए कर्मचारियों को छुड़ाया। उधर, मोहल्ले के लोगों ने सपा पार्षद की अगुवाई में ठाकुरगंज थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और बिजलीकर्मियों के खिलाफ नारेबाजी कर महिला से अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई। इससे एक घंटे तक थाने के पास अफरी–तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर कुछ नामजद व कई अज्ञात पर केस दर्ज किया है। गऊघाट उपकेंद्र के एसडीओ रामू गुप्ता व जेई दुर्गेश चंद ने बताया कि जाफरिया कॉलोनी में दोपहर 3रू15 बजे संविदाकर्मी सुधीर गुप्ता, नाजिस अली, राजकिशोर के साथ जांच कर रहे थे। चार–पांच घरों में बिजली चोरी पकड़ते ही मोहल्ले के लोगों ने हंगामा कर सपा पार्षद गुलशन अब्बास को बुला लिया। उनके साथ आए करीब 20 समर्थकों ने गाली–गलौज करते हुए टीम को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक अवर अभियंता दुर्गेश चंद्र की तहरीर पर डब्बा, कुमैल, शबाब आलम व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तफ्तीश और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। थाने पर प्रदर्शन कर रहे जाफरिया कॉलोनी के लोगों ने आरोप लगाया कि शिया कब्रिस्तान के पास आठ–दस कर्मचारी बिजली चोरी की जांच करने एक घर में घुस गए। उस वक्त घर में अकेली महिला से अभद्रता की गई। महिला ने फोन कर पति को बुलाया। पार्षद ने धन उगाही का भी आरोप लगाते हुए बताया कि रोजाना बिजलीकर्मी आते हैं ।

### चारबाग स्थित मोहन होटल में लगी आग, 30 लोग फंसे

लखनऊ, (संवाददाता)। चारबाग स्थित मोहन होटल में शनिवार रात करीब 12:00 बजे किचन में आग लग गई। देखते ही देखते धुंआ पूरे होटल में भर गया। दमकल कर्मियों ने होटल में फंसे 30 लोगों को सकुशल निकाला। दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से 12:40 पर आग पर काबू पा लिया। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि हजरतगंज के न्यू बेरी रोड निवासी अनिल कुमार अग्रवाल का मोहन होटल है। रात करीब 12 बजे बेसमेंट में बने किचन में आग लगी। लपटें भड़क उठी और पूरे होटल में धुंआ भर गया। कमरों में ठहरे लोग जान बचाकर भागने लगे। सीएफओ मंगेश कुमार के अनुसार घटना के वक्त होटल के 17 कमरों में लोग मौजूद थे। हादसे के वक्त चारबाग युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मंजीत सिंह दुआ, मोनू सिंह और अन्य कई लोग मदद के लिए पहुंच गए थे। धुंआ निकालने के लिए दमकल कर्मियों ने होटल में लगे कांच को तोड़ा। बाहर खड़े जसविंदर सिंह के हाथ में कांच घुस गया। पुलिस ने फौरन उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। गैस रिसाव बताया गया आग की वजह पुलिस व दमकल के लोगों ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि किचन में गैस रिसाव से आग लगी थी।

# हाईकोर्ट कर्मी उषा सिंह की बेरहमी से हत्या, भाई बोला– भांजी ने प्रेमी के साथ मिल मार डाला



लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के चिनहट में शनिवार देर रात सेमरा निवासी ऑडिट भवन कर्मचारी ऊषा (45) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह जानकारी मिली तो डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह, एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार और इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। है। उषा के भाई ने भांजी पर प्रेमी के साथ मिलकर अपनी ही मां की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उषा के भाई रवि के मुताबिक, उषा ऑडिट भवन में हाउसकीपिंग का काम करती थीं। रविवार देर रात 16 वर्षीय भांजी ने उन्हें कॉल करके मां की हत्या होने की बात बताई। यह सुनकर वह आनन–फानन बहन के घर पहुंचे। देखा कि ऊषा का शव बेड पर पड़ा था। उनका गला रेता गया था। आसपास खून बिखरा पड़ा था। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। रवि ने आगे बताया कि भांजी का पड़ोसी शाहिद के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। वर्ष 2024 में शाहिद भांजी को अपने साथ भगा ले गया था। ऊषा ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने भांजी को सकुशल खोज निकाला था। वहीं आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

पुलिस बेटी और उसके प्रेमी को हिरासत में लिया

जेल से छूटने के बाद से प्रेमी शाहिद लगातार ऊषा को उनकी हत्या करने की धमकी दे रहा था। अब भांजी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर मां की हत्या कर दी है।

# पत्नी से विवाद के बाद अधिवक्ता ने इंदिरा डैम में लगाई छलांग

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की देर रात पत्नी से विवाद के बाद एक अधिवक्ता ने इंदिरा डैम में छलांग लगा दी।

उसे बचाने के लिए उसका रिश्देतार पीछे से कूद गया। इससे दोनों युवक डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवकों की तलाश की रविवार को दोनों की लाश मिली। मूल रूप से मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी अनुपम तिवारी (37) लखनऊ में रहते थे। यहां वह हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अधिवक्ता थे। देर रात पत्नी से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद वह घर से निकल गए। उनके पीछे–पीछे उनके रिश्तेदार शिवम उपाध्याय (20) भी गए। रात करीब 11.45 बजे अनुपम इंदिरा डैम के पास पहुंचे। उन्होंने जान देने के उद्देश्य से डैम में छलांग लगा दी। शिवम ने देखा तो वह उन्हें बचाने के लिए कूद गया। पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

इसके बाद एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर दोनों की तलाश में जुटे रहे। टीम ने लगभग 32 घंटे बाद वर्षीय अनुपम तिवारी की लाश बरामद की। वहीं, शिवम उपाध्यायकी लाश कल ही मिल गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में घायल दुकानदार की मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। सड़क हादसे में घायल माल के बक्शी खेड़ा निवासी हरिओम यादव (25) की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। उनकी चोकर की दुकान थी। मृतक के भाई राजेश ने बताया कि 12 मई को शाम 5रू30 बजे माल–इटौंजा रोड पर हरिओम बाइक खड़ी कर बैठे थे। तभी गलत दिशा से तेज रफ्तार बाइक भाई की गाड़ी से टकरा गई थी। आरोपी बाइक चालक रहीमाबाद के जालामऊ निवासी ज्ञानेंद्र व उसके दो भाग निकले थे। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गोमतीनगर के विशालखंड निवासी मोहम्मद असर ने शुक्रवार को जनरल स्टोर में हुई चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है। असर के मुताबिक विशालखंड में एनीथिंग नाम से जनरल स्टोर है। 13 मई को चोरों ने 70 हजार नकद व 27 हजार का सामान चोरी कर लिया।

### बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट में परोस रहे थे शराब, चार गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट में लोगों को शराब परोस रहे गोमतीनगर के विनीतखंड स्थित चिक शेक कैफे एंड रेस्टोरेंट में आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को छापा मारा। छह खुली और एक सीलबंद शराब की बोतल, 56 बीयर केन, 12 बीयर बोतल बरामद हुई। टीम ने सीतापुर के मछरी हट्टा निवासी रेस्टोरेंट मैनेजर आनंद श्रीवास्तव, गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर का रहने वाला कर्मचारी सुशील राजपूत, बाराबंकी के लोनीकटरा का कन्हैया लाल और आजमगढ़ के दीदारगंज निवासी रितेश पांडेय को गिरफ्तार किया है।

### चार और गोतस्कर गिरफ्तार, सासाराम में बेचते थे गोवंश

लखनऊ, (संवाददाता)। गोसाईंगंज पुलिस ने गोतस्करी के मामले में मेरठ के शोएब उर्फ गैंडा के चार साथियों को गिरफ्तार कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी विभिन्न जिलों से गोवंश खरीदकर बिहार के सासाराम में ऊंचे दामों पर बेचते थे। इससे पहले शोएब को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में हरिद्वार का जाबिर, मुजफ्फरनगर का फैजान, छपरा का मुनीर आलम और मुरादाबाद का फिरासत है। इनके साथी राजस्थान का वीरभान, अरमान और बादाम की तलाश की जा रही है। पांच मई को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 20 गोवंश से भरा ट्रक लावारिस हालत में मिला था। इसमें अलग–अलग नंबर प्लेट लगी थीं। जांच में पता चला कि तस्करी के दौरान ट्रक खराब हो गया था। आरोपी मौके से भाग गए थे। पूछताछ में सामने आया कि मुनीर और फिरासत, वीरभान से 3000 रुपये में गोवंश खरीदते थे। जाबिर और मुनीर के पास अपने–अपने ट्रक थे, जिनसे पशुओं को सासाराम के डेरी बाजार में ले जाया जाता था। वहां बादाम नामक व्यक्ति को 40 हजार रुपये प्रति पशु बेचा जाता था। सीमा पार कराने के लिए अरमान 75 हजार रुपये लेता था। पुलिस के अनुसार, तस्करी के समय एक कार ट्रक के आगे और दूसरी पीछे चलती थी,।

# प्रदेश में आज मौसम का होगा दोहरा व्यवहार, 19 जिलों में लू तो 15 जिलों बूंदाबांदी का अलर्ट

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में मौसम का अजब–गजब हाल है। प्रदेश के दक्षिणी इलाकों और बुंदेलखंड के ज्यादातर हिस्से



लू की चपेट में हैं, तो वहीं तराई और कुछ पूर्वी हिस्से में गरज–चमक और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी देखने को मिली है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड के 19 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है। वहीं पूर्वी और तराई के 14 जिलों में गरज–चमक संग बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इस दौरान तराई के विभिन्न इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है।बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी लिए हुए पूर्वा हवाओं का असर रविवार के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। इसके असर से बादलों की आवाजाही के साथ प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। शनिवार से तराई इलाकों में गरज–चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के संकेत हैं। इससे लू की परिस्थितियों में कमी आएगी। शनिवार को प्रदेश में प्रयागराज, वाराणसी, बांदा, झांसी, हमीरपुर और कानपुर में गर्म हवा के थपेड़ों के साथ लू की परिस्थितियां रहीं। दोपहर बाद झांसी में अधिकतम 44.8 डिग्री, प्रयागराज में 42 डिग्री, मेरठ में 40.6 डिग्री और आगरा में 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

इन जिलों में है लू की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

यहां है बूंदाबांदी होने की संभावना

मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी एवं आसपास के इलाकों में।

# चारबाग के मोहन होटल में देर रात लगी आग, जान बचाकर भागे कमरों में सो रहे लोग आईं पांच दमकल गाड़ियां

लखनऊ, (संवाददाता)। चारबाग स्थित मोहन होटल में शनिवार रात करीब 12रू00 बजे किचन में आग लग गई। देखते ही देखते धुंआ पूरे होटल में भर गया। दमकल कर्मियों ने होटल में फंसे 30 लोगों को सकुशल निकाला। दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से 12रू40 पर आग पर काबू पा लिया। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि हजरतगंज के न्यू बेरी रोड निवासी अनिल कुमार अग्रवाल का मोहन होटल है। रात करीब 12 बजे बेसमेंट में बने किचन में आग लगी। लपटें भड़क उठी और पूरे होटल में धुंआ भर गया। कमरों में ठहरे लोग जान बचाकर भागने लगे। सीएफओ मंगेश कुमार के अनुसार घटना के वक्त होटल के 17 कमरों में लोग मौजूद थे। हादसे के वक्त चारबाग युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मंजीत सिंह दुआ, मोनू सिंह और अन्य कई लोग मदद के लिए पहुंच गए थे।धुंआ निकालने के लिए दमकल कर्मियों ने होटल में लगे कांच को तोड़ा। बाहर खड़े जसविंदर सिंह के हाथ में कांच घुस गया। पुलिस ने फौरन उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।

गैस रिसाव बताया गया आग की वजह

पुलिस व दमकल के लोगों ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि किचन में गैस रिसाव से आग लगी थी। सही वजह का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। सीएफओ का कहना है कि होटल के मानक पूरे थे या नहीं इसकी जांच की जाएगी।

पहले भी होटलों में लग चुकी है आग

इसी होटल में शनिवार देर रात लगी आग। – फोटो रू अमर उजाला।

19 जून 2018– चारबाग के एसएसजे इंटरनेशनल व विराट होटल में आग लग गई थी। इसमें सात लोगों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि कई लोग झुलस गए थे। 5 सितंबर 2022– हजरतगंज स्थित होटल लेवाना इन में लगी आग, चार की मौत। 8 जुलाई 2024– हुसैनगंज स्थित होटल राज में लगी भीषण आग, शीशा तोड़कर अंदर घुसे दमकलकर्मी, 30 लोगों को किया गया था रेस्क्यू।

# फंदे से लटकता मिला महिला आरक्षी का शव, पुलिस साथी कर्मचारियों व परिजनों से कर रही पूछताछ



लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अयोध्या में मंडल कारागार के आवासीय परिसर में महिला आरक्षी शांति यादव का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। कमरा अंदर से बंद होने के कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मूल रूप से जौनपुर के सरपतहा थाना क्षेत्र के अरसिया निवासी शांति यादव का वर्ष 2021 में जेल पुलिस में आरक्षी पद पर चयन हुआ था। उनकी पहली तैनाती मंडल कारागार में थी। वह आरक्षी रेखा के साथ एक ही कमरे में रहती थीं। शुक्रवार को रात्रिकालीन ड्यूटी के बाद वह कमरे पर आई थीं। रेखा ड्यूटी पर चली गई थीं। दोपहर 12:30 बजे शांति की फिर से ड्यूटी थी, लेकिन निर्धारित समय पर वे नहीं पहुंचीं। काफी देर तक न पहुंचने पर जेल प्रशासन को सूचना दी गई। लगभग 2 बजे सहकर्मी उनके आवास पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। कई बार बुलाने पर कोई हलचल नहीं हुई तो पीछे के रास्ते शीशे से सहकर्मियों ने अंदर झांककर देखा तो उनका शव फंदे से लटकता मिला। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय पुलिस टीम के साथ पहुंचे और छानबीन शुरू की। परिजनों से दूरभाष पर वार्ता करके मामले से अवगत कराया गया तो उन्होंने पहुंचने तक यथास्थिति बनाए रखने की बात कही। देर शाम तक परिजन पहुंचे तो शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

कर्मचारियों व परिजनों से पूछताछ जारी

वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि स्थानीय स्तर पर जानकारी की गई है।

# चुनावी आहट के बीच सपा-भाजपा के बीच कड़वाहट, राणा सांगा, आंबेडकर के बाद अब व्योमिका के मसले पर टकराव

लखनऊ, (संवाददाता)। चुनावी आहट ने पक्ष और विपक्ष के राजनेताओं के बीच कड़वाहट बढ़ा दी है। वे एक–दूसरे पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। राणा सांगा, भीमराव आंबेडकर और व्योमिका सिंह पर सियासत अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि डीएनए का नया विवाद सामने आ गया। विशेषज्ञ इसकी जड़ में अगले दो वर्षों में होने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों को मान रहे हैं। उनके मुताबिक आने वाले समय में इन हमलों का तीखापन और बढ़ेगा। राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन का राणा सांगा पर दिया बयान खासा विवाद का विषय बना। यूपी की राजनीति इस मुद्दे पर खूब गर्माई। फिर, डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे के कोलाज ने राजनीतिक हवा का ताप बढ़ा दिया। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर सपा नेता रामगोपाल यादव की जातिसूचक टिप्पणी पर सियासी तूफान आ गया। यह मुद्दा थमा भी नहीं था, कि ब्रजेश पाठक के डीएनए पर सपा



का आपत्तिजनक बयान पुलिस थाने में दर्ज हो गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के प्रो. संजय गुप्ता कहते हैं कि राजनीति में इस तरह के हमले कोई नई बात नहीं है। जब–जब चुनावों की आहट होती है, तब–तब राजनेता एक–दूसरे हमलावर हो जाते हैं। मानो यह चुनावी तैयारियों का एक अहम हिस्सा हो। ऐसा सिर्फ यूपी या भारत में ही नहीं, बल्कि अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी देखने को मिल रहा है। बता दें, वर्ष 2026 की शुरुआत में प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। सपा मीडिया सेल के एक्स अकाउंट पर शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा गया कि बात–बात पर सपा के डीएन पर बयानबाजी करने वाले ब्रजेश पाठक अपना डीएनए अवश्य चेक करवाएं। इसकी रिपोर्ट सोशल मीडिया पर भी जरूर डालें, जिससे उनका असली डीएनए तो पता चले। उसके बाद जो लिखा गया, वो इतना अमर्यादित था कि उसका जिक्र भी करना मुनासिब नहीं है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा मुखिया को टैग करते हुए । एक्स पर लिखा– अखिलेशजी, ये आपकी पार्टी की भाषा है? ये आपकी पार्टी का ऑफिशियल हैंडल है।

# 'विनीत कुमार सिंह ने तहसीलदार का पद भार संभाला'



'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'पाली–(हरदोई)' जनपद आजमगढ़ के मूल निवासी सवायजपुर के तहसीलदार विनीत कुमार सिंह ने लगभग दो माह पूर्व ही तहसीलदार का पद भार संभाल लिया था। जब से आपने तहसीलदार का पद भार ग्रहण किया है, तब से तहसील स्तर के कार्य को गति मिली है।और काम को लेकर फरियादियों में काफी उम्मीदें जगी है। एक फरियादी ने बताया कि तहसीलदार पीड़ित व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर निस्तारण कराने में विलंब नहीं करते हैं, समय सीमा के अंदर कार्य कराने का हर संभव प्रयास करते हैं। लोगों के मुताबिक तहसीलदार सिंह की कुशल कार्यशैली ने राजस्व से संबंधित कार्यों को गति प्रदान की है। सोमवार को पत्रकारों से औपचारिक भेंट के दौरान तहसीलदार विनीत कुमार सिंह ने बताया कि वह शासन की मंशानुरूप प्रतिदिन अपने कार्यालय में बैठकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनकी समस्याओं को गुण–दोष के आधार पर निस्तारण कराने का पूरा प्रयास करते हैं।और उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी राजस्व से संबंधित अपनी समस्या को कार्यालय में आकर बेहिचक बता सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी की पीड़ित व्यक्ति को उनके यहाँ से न्याय मिले और कोई फरियादी निराश होकर न लौटे। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। एक सवाल के जबाव में बताया कि शासन की प्राथमिकताओं का शत प्रतिशत पालन कराना पहला कर्तव्य होगा।

# नवजात शिशु के परिजन द्वारा लगाये गये आरोप मे अयोध्या चिल्ड्रेन हास्पिटल के संचालक को दोष मुक्तकर हास्पिटल संचालन की दी अनुमति

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। पिछले दिनों कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली स्थित अयोध्या चिल्ड्रेन हास्पिटल के संचालक पर नवजात शिशु की मौत के मामले में परिजनों द्वारा लापरवाही बरतने तथा शिशु की मौत के बाद पैसा वसूलने का आरोप लगाया गया था।जिसकी शिकायत मृतक नवजात शिशु के माता–पिता ने तहरीर के माध्यम से कोतवाली नगर में दिया था।जिसे गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ सुशील कुमार ने जिला क्षयरोग अधिकारी डा. संदीप शुक्ला के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया।इस मामले की जांच कर रहे जिला छाया अधिकारी डॉक्टर संदीप शुक्ला की रिपोर्ट पर तथा मृत नवजात शिशु के माता पिता द्वारा लगाए गए आरोप सही न साबित होने के चलते सीएमओ डाक्टर सुशील कुमार ने अस्पताल संचालक को क्लीन चिट दे दिया।इस संबंधा में सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने बताया के उन्होंने दोनों पक्षों के आरोप प्रत्यारोप सुना।वही इस मामले में जांच कर रहे संदीप शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किए गए वीडियो का अवलोकन किया गया।जिसमें यह पाया गया कि बच्चा उक्त अस्पताल में तथा बाहर भी ले जाते समय तक जीवित था।सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने बताया कि उसके हाथ पैर चल रहे थे।जिसके चलते मृत नवजात के माता–पिता द्वारा इस अस्पताल के संचालक पर लापरवाही तथा इलाज के बदले धन उगाई का आरोप निराधार साबित होता है।इसलिए अयोध्या चिल्ड्रेन अस्पताल के संचालक को पूर्व की भांति अस्पताल को संचालन करने की अनुमति प्रदान की जाती है।वही इस मौके पर मौजूद अयोध्या चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक डॉ अंकुश शुक्ला तथा डॉक्टर स्वाती ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे ऊपर इस तरह का और लगाया जाना गलत था।उन्होंने बताया कि हमें मालूम था कि इस मामले में जब हमारी कोई गलती नहीं है तो हमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा क्लीन चिट मिलेगी।इन दोनों चिकित्सकों ने बताया कि हमारे यहां किसी भी तरह की कोशिश यही रहती है कि लापरवाही ना हो।बताते चलें कि 13 मई को



मृतक नवजात शिशु जूडा पट्टी बल्दीराय, थाना कूरेभार जिला सुल्तानपुर निवासी गौरव ने पुलिस को दिए शिकायत मे बताया था कि गुरु कृपा हस्पिटल में उसकी पत्नी आराधना मिश्रा ने 9 मई को नवजात शिशु को जन्म दिया था और 9 मई को ही पीड़ित गौरव मिश्रा ने अपनी पत्नी तथा नवजात शिशु को साकेतपुरी कालोनी स्थित अयोध्या चिल्ड्रन हस्पिटल में भर्ती कराया।पीड़ित ने बताया कि चिल्डुन हस्पिटल के चिकित्सक डा. अंकुश शुक्ला ने इलाज के नाम पर अयोध्या चिल्ड्रेन हस्पिटल ले आये।पीडित डा अंकुश शुक्ला से बच्चे के बारे ने में जनाना चाहा तो डॉक्टर ने इन्फेक्शन की बात कह कर दवा व इलाज के नाम पर तकरीबन दो लाख रूपया कई बार में कैश व अनलाइन जमा कराने का आरोप लगाया था।फिलहाल इस मामले में कमेटी की जांच रिपोर्ट तथा पर्याप्त सबूत मिलने पर सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने अयोध्या चिल्ड्रन अस्पताल को इस मामले में क्लीन चिट देते हुए अस्पताल के संचालन करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयन्ती पर रन फॉर वुमेन एम्पॉवमेंट कार्यक्रम



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

आज प्रातः पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयन्ती पर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अवसर पर वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज हरदोई में रन फॉर वुमेन एम्पॉवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया स दौड़ में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने अपार उत्साह के साथ प्रतिभाग किया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री अलका गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा हरदोई ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजयी बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार में विजेता स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । प्रथम पुरस्कार आयुषी गुप्ता ,द्वितीय पुरस्कार आराध्या सिंह ,तृतीय पुरस्कार साक्षी देवी को प्राप्त हुआ । इस अवसर कॉलेज की प्रधानाचार्य गीता शुक्ला , शिक्षकगणों में अलका सक्सेना ,अंजली गुप्ता व रीना गुप्ता , जिला मीडिया प्रभारी कविता टंडन , नगर अध्यक्ष मधुबाला गुप्ता व सुमन सिंह सहित समस्त छात्रायें उपस्थित रही।

# मोबाइल फोन शिक्षा में सकारात्मक उपयोग के एक शक्तिशाली उपकरण हैं - भूपेंद्र प्रताप सिंह



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर हरदोई में स्मार्ट फोन तथा टैबलेट वितरण समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा में मोबाइल तथा टैबलेट छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। मोबाइल फोन के माध्यम से, छात्र कहीं से भी, कभी भी जानकारी तक पहुंच सकते हैं, जिससे उनकी शिक्षा सुविधाजनक और लचीली हो जाती है। इसके अलावा, मोबाइल फोन शिक्षकों को छात्रों के प्रदर्शन को ट्रैक करने, उनकी प्रगति का मूल्यांकन करने और व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करने में मदद करते हैं. मोबाइल फोन का उपयोग ऑनलाइन सुरक्षा संबंधी जोखिमों जैसे कि साइबर बुलिंग, उत्पीड़न और डेटा चोरी को बढ़ा सकता है।

मोबाइल फोन शिक्षा में सकारात्मक उपयोग एक शक्तिशाली उपकरण हैं, जो छात्रों को सीखने और शिक्षकों को सिखाने में मदद कर सकते हैं।

समारोह के अध्यक्ष डॉ शशिकांत पाण्डेय ने कहा मोबाइल फोन छात्रों को इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारी, जैसे कि वीडियो, ऑडियो, और ई–पुस्तकें तक पहुंच प्रदान करते हैं । मोबाइल फोन छात्रों को आपस में सहयोग करने और बातचीत करने में मदद करते हैं, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और प्रभावी हो जाती है ।मोबाइल फोन शिक्षकों को छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ आसानी से संपर्क करने में मदद करते हैं, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है.

मोबाइल फोन के माध्यम से शिक्षक छात्रों को सीखने के मॉड्यूल और संसाधन प्रदान कर सकते हैं, जो छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से शामिल करते हैं. कई शैक्षिक ऐप्स और ऑनलाइन संसाधन मुफ्त में उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को सीखने के अवसर मिलते हैं और शिक्षा अधिक किफायती हो जाती है.

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री आनन्द विशारद ने कहा

विभिन्न शैक्षिक ऐप छात्रों को अलग–अलग विषयों को सीखने और समझने में मदद करते हैं, जैसे कि भाषाएं, गणित, और विज्ञान के

वास्तविक समय मूल्यांकन के लिए शैक्षिक ऐप शिक्षकों को छात्रों की समझ का तुरंत आकलन करने और उन्हें तत्काल प्रतिक्रिया देने की अनुमति देते हैं। मोबाइल फोन शिक्षकों को छात्रों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं और सीखने की शैली के अनुसार शिक्षण सामग्री को अनुकूलित करने में मदद करते हैं. ।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री पारूल गुप्ता ने किया तथा अतिथियो का आभार धन्यवाद श्री मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर सुमन , मेघा, वैष्णवी, शिवम आदि अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर गिरफ्तार पैर में लगी गोली ,एक फरार

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । पुलिस ने एक वांछित अपराधी को रविवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार सदर परमानन्द कुशवाहा ने बताया कि बक्शा थाना और तेजीबाजार की पुलिस टीम संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बक्शा हाइवे से चुरावनपुर की तरफ जा रहे हैं।रात करीब 1रू20 बजे पुलिस टीम नहर की पुलिया के पास तैनात थी। एक मोटरसाइकिल तेजी से आती दिखी। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों थानाध्यक्षों ने फायर किया। फायरिंग में एक बदमाश राजू यादव (21) के बाएं पैर में गोली लगी। दूसरा बदमाश काजू अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। राजू यादव जौनपुर के मथुरापुर कोठवां का रहने वाला है। फरार बदमाश काजू वाराणसी के चोलापुर का निवासी है। घायल बदमाश से एक तमंचा 315 बोर, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। घायल को पहले सीएचसी नौपेड़वा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया गया। राजू थाना जलालपुर में धारा 109(1)ध्324(4) बीएनएस और थाना चंदवक में धारा 109 बी.एन.एस. व धारा 103(1) बीएनएस का वांछित अपराधी है। अपराधी ने पूछताछ में बताया कि वो जलालपुर में हुए पुलिस पर हमले में शामिल था साथ ही चंदवक में सिपाही हत्याकांड में भी शामिल था।

# तिरंगा भारत के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है : जितेन्द्र बच्चन

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



गौतमबुद्ध नगर। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसकेएफआई) के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सेना के सर्वोच्च सम्मान में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया। इस यात्रा का नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने किया। उन्होंने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि तिरंगा भारत के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है। देश की तीनों सेनाओं ने अपने पराक्रम 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोहा मनवाते हुए पाकिस्तान में बैठे तमाम आतंकियों व उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन देश की प्रतिष्ठित संस्था समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर किया है। छपरौला स्थित गिरधरपुर में आयोजित यात्रा में देशभक्ति की गीतों के साथ भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंजता रहा। यात्रा से पहले अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा और एसकेएफआई के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। एसकेएफआई के प्रदेश सचिव एवं अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सेना के शौर्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सैनिकों के सर्वोच्च सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। एसकेएफआई के वरिष्ठ सदस्य शरद चन्द्र ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश की सेना ने अपने शौर्य व पराक्रम का परिचय दिया है। उनके सम्मान में सभी संस्थाओं व संगठनों को तिरंगा यात्रा निकालनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमारे जो जवान शहीद हुए हैं, उनको नमन! सीमावर्ती गांवों में हमारे कुछ नागरिक भी पाकिस्तानी सेना व आतंकियों के शिकार बने हैं, जिनमें बाल, युवा, वृद्ध एवं महिलाएं सभी शामिल हैं। उन सभी के प्रति हम अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।" तिरंगा यात्रा में एक तरफ जहां भारत की एकता– अखंडता की झलक दिखी, वहीं युवाओं ने भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाकर सभी में देशभक्ति का जोश जगाया। कार्यक्रम में तन्वी हेल्पिंग ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार चौहान एडवोकेट, राष्ट्रीय सचिव पूजा चौहान, अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, मनोज कुमार, विनय कुलश्रेष्ठ, रितेश कुमार श्रीवास्तव, डा. बृजकिशोर कुमार, बिन्नी श्रीवास्तव, संजय लाल, राजन श्रीवास्तव, रामनरेश लाल, अंकित श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, अश्वनी कुमार, अभिनव कुमार, रीना कुलश्रेष्ठ, श्रीकांत कटियार, विनीता श्रीवास्तव, बृजेश रावत, खुशबू, अलका श्रीवास्तव, शगुन, श्रीकांत कटियार, दिवाकर सिंह, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक जरा सी चूक और पकड़ा गया... 45 लाख रुपये के जेवर किए थे चोरी

गोरखपुर, (संवाददाता)। राजघाट इलाके में लालबाबू किशन कुमार ज्वेलर्स के कर्मी कृष वर्मा और उसके साथी दिनेश गौड़ को शनिवार को पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार लिया। दोनों के पास से 390 ग्राम सोना बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी कर्मी कृष वर्मा ने बताया कि गर्लफ्रेंड के महंगे शौक को पूरा करने के लिए वह जेवर लेकर भाग गया था। वह महंगे मोबाइल खुद भी रखता था और गर्लफ्रेंड को भी देता था। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भिजवा दिया गया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी व सीओ ओंकार नाथ ने पुलिस लाइंस में शनिवार को प्रेसवार्ता कर घटना का पर्दाफाश किया। बताया कि आरोपी कृष वर्मा राजघाट के बसंतपुर फुल्की गली और दिनेश गौड़ रायगंज उत्तरी का निवासी है। एसपी सिटी ने बताया कि हिंदी बाजार स्थित लालबाबू किशन कुमार ज्वेलर्स फर्म के राहुल वर्मा ने केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि उनका कर्मचारी कृष वर्मा 30 अप्रैल को हॉलमार्किंग सेंटर पर मार्किंग करने के लिए सोने का जेवर लेकर गया था। सोने के गहनों की वजन 448 ग्राम था, कीमत करीब 45 लाख रुपये थी। इसके बाद वह लौटा नहीं। पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश में लगी थी। हालांकि पुलिस को आरोपियों के पास से 390 ग्राम सोना मिला है। कुछ सोना गला कर बेचना बताया गया। उसके पुराने आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

सर्विलांस से मिला लोकेशन, खुल गई चोरी

28 अप्रैल की घटना के बाद सर्विलांस सेल ने कर्मचारी के मोबाइल लोकेशन से जांच की। लोकेशन शाहमारूफ के पास आकर बंद मिला। इसके बाद से मोबाइल फोन ऑन नहीं हुआ। इसी बीच 9 तारीख को पुराने मोबाइल नंबर पर नए मोबाइल नंबर से एक फोन गया।

इसी फोन से आरोपी कर्मचारी की पहचान हो गई। पता चला कि वह कुशीनगर में रुका हुआ है। पुलिस सूत्रों की मानें तो कर्मचारी का एक निजी रिश्तेदार है, उसने कुशीनगर में उसका ठिकाना भी बताया था। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ ने आरोपी ने बताया कि कुशीनगर में एक लड़के के पास इसी रिश्तेदार की पैरवी से जाकर रुका था। उसने ही अपने नाम और पते पर मोबाइल का दूसरा सिम खरीदा था और उसे दिया था।

कुछ दिन पहले नौकरी पर लगा था आरोपी

सूत्रों की मानें तो आरोपी कर्मचारी मूल रूप से बलिया का रहने वाला है। फर्म पर चोरी के एक महीने पहले ही नौकरी पर लगा था। आशंका है कि बाजार में उसके रिश्तेदार या जान–पहचान के लोगों ने ही उसे सोना लेकर भागने और कार्रवाई नहीं होने का आश्वासन दिया होगा। लेकिन, एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी खुद लगातार हिंदी बाजार के मुखबिरों पर नजर बनाए थे। इसी बीच चोरी की घटना होने के बाद बाजार के सूत्रों के सहारे पुलिस के सामने कुछ चेहरे सामने आए हैं। बाजार के लोगों को भी शक है कि अभी कुछ दिन पहले भी ऐसे ही एक छिनौती हुई थी, उसके पहले की ये घटना है।



# प्रतिभावान छात्रों को मेडल और मिष्ठान देकर जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी के द्वारा नीलदीप अकादमी के प्रतिभावान छात्र अथर्व सिंह जिन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में 97 प्रतिशत, खुशी यादव 96 प्रतिशत, हर्षिता सिंह 97 प्रतिशत, किशन पटवा 90 प्रतिशत, देव सिंह 90 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के छात्र सूर्य प्रताप सिंह 84 प्रतिशत, दिव्यांशी दुबे 93 प्रतिशत, अवनीश पाल 92 प्रतिशत, अमन मिश्रा 91 प्रतिशत, ऋषभ यादव 96 प्रतिशत, विशाल विश्वकर्मा 90 प्रतिशत और आदित्य यादव के द्वारा 91 प्रतिशत प्राप्त करने पर, बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सम्मानित करने से बच्चे प्रोत्साहित होते है, उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे आगे चलकर राष्ट्र का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन लगातार अच्छे अंक से पास



होने वाले छात्रों को सम्मानित कर रहा है जिसके क्रम में आज बड़े ही सौभाग्य की बात है कि सेना के भूतपूर्व अधिकारियों के हाथो इन बच्चों को सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। जनपद की मिट्टी प्रतिभाओं से भरी हुई है। जनपद जौनपुर का भविष्य उज्जवल होने के साथ ही साथ बहुत ही मजबूत हाथों में है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, नीलदीप अकादमी के मैनेजर प्रदीप कुमार सिंह, डॉ0 कल्याणी राय, शिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव, फराज अहमद, विवेक उपाध्याय, आयशा खान, सीमा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें।

# स्कूल की गाड़ी का फिटनेस एक साल के भीतर कराया है



गोरखपुर, (संवाददाता)। संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय में पिछले एक साल में स्कूली वाहनों समेत जितने भी यात्री वाहनों के फिटनेस हुए हैं, उन सभी फिटनेस की दोबारा जांच होगी। परिवहन विभाग ने यह निर्देश लखनऊ में दो दिन पहले स्लीपर बस में आग लगने की घटना के बाद दिया है। इस घटना में पांच लोगों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से जल गए थे। इस बस का फिटनेस गोरखपुर में ही हुआ था। बस का फिटनेस करने वाले तत्कालीन आरआई को भी सस्पेंड कर दिया गया है। बिहार से दिल्ली जा रही एसी स्लीपर बस में दो दिन पूर्व लखनऊ के किसान पथ पर आग लग गई थी। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आठ अप्रैल 2024 को एनीव्हेयर फिटनेस प्रणाली के तहत बस को देखे बिना ही फोटो के आधार पर ही गोरखपुर के तत्कालीन आरआई राधाव कुशवाहा ने फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया था।

# गोरखपुर में सैनिकों का सम्मान, एक साथ निकली भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा

गोरखपुर, (संवाददाता)। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और सेना के अद्वितीय शौर्य को नमन करते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों व भूतपूर्व सैनिकों ने शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा विश्वविद्यालय गेट से होते हुए पैडलेगंज चौक पर सुभाष चंद बोस की प्रतिमा के पास समाप्त हुई। यात्रा में शामिल केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रबल भावना से ओतप्रोत यह जनसैलाब देश की एकता, अखंडता और आत्मगौरव का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात को स्पष्ट करता है कि देश की सरकार व सेना आतंकिस्तानियों व उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करने के लिए आगे बढ़ चली है।

# अंत्योदय एक्सप्रेस के पहिये से निकला धुआं, चेन पुलिंग कर कूदे यात्री

गोरखपुर, (संवाददाता)। दरभंगा से जालंधर जा रही अंत्योदय एक्सप्रेस के परिये में शनिवार की दोपहर में अचानक आग लग गई। इसके चलते मौके पर अफरा तफरी मच गई। यात्री ट्रेन से कूदकर भागने लगे। इस दौरान कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आई।

# पेड़ गिरने से दबी महिला, मौत

कुशीनगर, (संवाददाता)। आंधी, बारिश में शुक्रवार की शाम को विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चाफ गांव में एक झोपड़ी पर पेड़ गिर गया, जिसमें दबकर बुजुर्ग महिला घायल हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत देर रात को हो गई। जिस समय चक्रवात आया उस समय वह दरवाजे पर काम कर रही थी। इससे बचने के लिए अपनी झोपड़ी में छिपी थी। सूचना पर शनिवार को पुलिस, राजस्वकर्मी पहुंचे ।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002

RNI NO - UPHIN/2022/86937

Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।